शिक्षा का अधिकार

सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें

# राज्य शिक्षा केन्द्र

**पुस्तक भवन बी-विंग, अरेरा हिल्स, भोपाल-462 001**

**दूरभाषा : (0755) 2768390, 91, 92, 94, 95 फैक्स : 2552363, 2760561**

क्र./राशिके/पापु/ऑलि/2019/5626

भोपाल, दिनांक 09/09/2019

प्रति,

कलेक्टर,

जिला-समस्त (म.प्र.)

विषय :- प्रदेश की समस्त शासकीय माध्यमिक विद्यालयों में कक्षा 7 वीं व 8 वीं में नियमित रूप से अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए जूनियर गणित एवं जूनियर हिन्दी ऑलिंपियाड परीक्षा सत्र 2019-20 के आयोजन विषयक।

संदर्भ :- संचालक, राज्य शिक्षा केन्द्र का पत्र क्र./पा.पु./रा.शि.के./ऑलिं/2018/7532 भोपाल दिनांक 30/11/2018

---

प्रदेश की समस्त शासकीय माध्यमिक विद्यालयों (स्कूल शिक्षा विभाग/आदिवासी विकास विभाग/शासकीय अनुदान प्राप्त) में कक्षा 7 वीं व 8 वीं में नियमित रूप से अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए जूनियर गणित एवं जूनियर हिन्दी ऑलिंपियाड सत्र 2019-20 हेतु पूर्व वर्षों की भाँति आयोजित किया जा रहा है। तत्संबंध में निम्नानुसार निर्देश प्रसारित किये जा रहे हैं-

1. जूनियर गणित ओलिम्पियाड हेतु नोडल संस्था SISE जबलपुर एवं हिन्दी ओलिम्पियाड हेतु नोडल संस्था CTE उज्जैन निर्धारित की जाती है।
2. जूनियर गणित/हिन्दी ओलिम्पियाड केवल म.प्र. शासन के स्कूल शिक्षा विभाग/आदिवासी विकास विभाग/शासकीय अनुदान प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत् कक्षा 7 वीं एवं 8 वीं के सत्र 2019-20 के नियमित विद्यार्थियों के लिए है। यह परीक्षा पूर्णतः निःशुल्क है।
3. जूनियर गणित एवं हिन्दी आलिम्पियाड परीक्षा दो चरणों में आयोजित होगी।
4. जूनियर गणित ओलिम्पियाड/हिन्दी ओलिम्पियाड की परीक्षाएँ एक ही साथ एक ही तिथि पर आयोजित होगी। प्रथम चरण की परीक्षा दिनांक 8 दिसम्बर 2019 दिन रविवार को आयोजित की जायेगी तथा द्वितीय चरण की तिथि पृथक से घोषित की जाएगी।
5. प्रथम चरण की जिलेवार प्रस्तावित परीक्षा केन्द्रों की सूची संलग्न है। इसी सूची के अनुसार ब्लॉक स्रोत समन्वयक (BRCC/परीक्षा केन्द्र प्रभारी एवं प्रधानाध्यापक) विद्यार्थियों को दिए जाने वाले परीक्षा केन्द्र का निर्धारण कर विद्यार्थियों को सूचित करेंगे। यदि उक्त चयनित परीक्षा केन्द्रों में बदलाव किया जाना है अथवा नवीन परीक्षा केन्द्र बनाए जाने हैं तो उसकी स्वीकृति जिला परियोजना समन्वयक द्वारा संबंधित नोडल संस्था की सहमति उपरान्त बनाया जा सकता है।
6. जूनियर गणित एवं हिन्दी ओलिम्पियाड परीक्षा का प्रथम चरण OMR (Optical Mark Reader) पद्धति पर आधारित होगी। प्रथम चरण की परीक्षा में वस्तुनिष्ठ प्रश्नों का समावेश होगा।
7. द्वितीय चरण की परीक्षा लिखित रूप में होगी, जिसमें वस्तुनिष्ठ तथा दीर्घ उत्तरीय प्रश्नों का समावेश होगा।
8. प्रथम चरण की परीक्षा में प्रविष्ट परीक्षार्थियों में से प्रत्येक विषय में (हिन्दी एवं गणित की अलग-अलग) गुणानुक्रम (मेरिट) के आधार पर प्रथम 1500-1500 का चयन दूसरे चरण की परीक्षा हेतु किया जाएगा। परंतु 1500 वे विद्यार्थी के चयन के दौरान समान अंक प्राप्त जितने विद्यार्थी होंगे उनको द्वितीय स्तर की परीक्षा हेतु चयन में शामिल किया जाएगा और 1500 का बंधन लागू नहीं होगा।
9. द्वितीय चरण की परीक्षाएँ संभाग स्तर पर संभागीय डाइट में होंगी तथा होशंगाबाद संभाग की परीक्षा उत्कृष्ट विद्यालय होशंगाबाद में आयोजित की जायेगी।
10. द्वितीय चरण परीक्षा उपरान्त जूनियर गणित एवं हिन्दी ओलिम्पियाड में पृथक-पृथक प्रथम 50 विद्यार्थियों का चयन किया जाएगा। अंतिम स्थान पर आने वाले विद्यार्थियों के समान अंक वाले सभी विद्यार्थियों को स्थान दिया जावेगा। इस हेतु भी प्रथम चरण की प्रक्रिया का पालन किया जाएगा। (बिन्दु क्रमांक 8 के अनुसार)



Scanned by CamScanner

11. चरणवार परीक्षा आयोजन का कार्यक्रम निम्नानुसार है-

(I) BRCC एवं परीक्षा केन्द्र प्रभारियों को विद्यार्थियों के ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करने से पहले www.mpolympiad.org वेबसाइट पर स्वयं का रजिस्ट्रेशन पत्र जारी होने की दिनांक से 25 सितम्बर 2019 तक कराना आवश्यक होगा। BRCC एवं केन्द्र प्रभारी द्वारा किया गया स्वयं का रजिस्ट्रेशन राज्य विज्ञान शिक्षा संस्थान जबलपुर द्वारा सत्यापन कर सक्रिय किया जाएगा। वेबसाइट पर रजिस्टर्ड एकाउंट सक्रिय होने पर BRCC एवं केन्द्र प्रभारी के रजिस्टर्ड मोबाईल नंबर पर यूजर नेम एवं पासवर्ड भेजा जाएगा, जिसके आधार पर वे अपने Account में Login कर सकेंगे। पंजीयन पश्चात केन्द्र प्रभारी पंजीकृत विद्यार्थियों के Enrollment No./ अनुक्रमांक की प्रमाणित सूची संबंधित माध्यमिक विद्यालयों को प्रमि चरण की परीक्षा के 15 दिवस पूर्व तक उपलब्ध कराएंगे।

(ii) विकास खण्ड स्रोत समन्वयक (BRCC) वेबसाइट www.mpolympiad.org से प्रपत्र A डाउनलोड कर जनशिक्षक के माध्यम से प्रधानाध्यापक माध्यमिक विद्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

(iii) प्रधानाध्यापक से अग्रेषित प्रपत्र A की सूची जन शिक्षक द्वारा माध्यमिक विद्यालयों से संकलित की जाकर संबंधित विकास खण्ड कार्यालय में जमा की जावेगी।

(iv) विकास खण्ड स्रोत समन्वयक प्रतिदिन प्राप्त सूचियों को अपने कार्यालय से ऑनलाइन पंजीयन कराना सुनिश्चित करेंगे। इस हेतु BRCC कार्यालय में उपलब्ध संसाधनों का उपयोग किया जायेगा।(BRCC) जनशिक्षक/प्रधानाध्यापक से भरे हुए प्रपत्र A एवं B ऑनलाइन पंजीयन हेतु दिनांक पत्र जारी होने की तिथि से 30/10/2019 शाम 5.00 बजे तक करना सुनिश्चित करेंगे।

(v) ब्लॉक स्रोत समन्वयक/परीक्षा केन्द्र प्रभारी सूची (प्रपत्र A) अनुसार विद्यार्थियों का ऑनलाइन पंजीयन दिनांक 30/10/2019 तक करेंगे तथा विद्यार्थियों के रोल नं. निर्माण/जनरेट कर रोल नं. युक्त सत्यापित सूची जन शिक्षक के माध्यम से संबंधित माध्यमिक विद्यालय को भेजी जाएगी। BRCC एवं केन्द्र प्रभारी आपस में समन्वय कर छात्र संख्या निर्धारित करेंगे। साथ ही विद्यार्थियों की सूची परीक्षा केन्द्र पर रखेंगे।

(vi) प्रतिदिन ऑनलाइन पंजीयन की समीक्षा जिले के प्रोग्रामर एवं जिले के जिला परियोजना समन्वयक द्वारा की जाएगी।

(vii) यह सुनिश्चित किया जाए कि प्रत्येक शाला से न्यूनतम 05 बच्चों का पंजीयन जूनियर गणित एवं 05 बच्चों का पंजीयन हिन्दी ऑलिम्पियाड हेतु पृथक-पृथक अनिवार्यत: किया जाए। विद्यार्थियों की रूचि के अनुसार विद्यार्थी दोनों प्रतियोगिताओं हेतु पंजीयन करा सकता है।

12. राज्य विज्ञान शिक्षा संस्थान जबलपुर एवं शासकीय अध्यापक शिक्षा महाविद्यालया उज्जैन द्वारा प्रथम चरण की परीक्षा के प्रश्नपत्र संभाग के संयुक्त संचालक, लोक शिक्षण को दिनांक 02 दिसम्बर 2019 तक पहुँचाए जाएंगे। तद्पश्चात संयुक्त संचालक द्वारा अपने संभाग के अधीन समस्त जिले के जिला परियोजना समन्वयक (DPC) को दिनांक 03 एवं 04 दिम्बर 2019 तक उक्त प्रश्न पत्र उपलब्ध कराने होंगे।

13. जिला परियोजना समन्वयक 05 एवं 06 दिसम्बर 2019 को प्रश्न-पत्र व OMR शीट परीक्षा केन्द्र प्रभारियों को वितरित करेंगे।

**प्रश्न-पत्रों का वितरण एवं एकत्रीकरण-**

| CTE उज्जैन द्वारा प्रश्न पत्रों का वितरण एवं OMR शीट का एकत्रीकरण (हिन्दी एवं गणित दोनों हेतु) | राज्य विज्ञान शिक्षा संस्थान जबलपुर द्वारा प्रश्न पत्रों का वितरण एवं OMR शीट का एकत्रीकरण (हिन्दी एवं गणित दोनों हेतु) |
|---|---|
| 1. उज्जैन संभाग | 1. जबलपुर संभाग |
| 2. इन्दौर संभाग | 2. शहडोल संभाग |
| 3. भोपाल संभाग | 3. रीवा संभाग |
| 4. ग्वालियर एवं चंबल संभाग | 4. सागर संभाग |
| | 5. होशंगाबाद संभाग |

नोट - जूनियर गणित ओलिम्पियाड एवं हिन्दी ओलंपियाड की परीक्षा एक ही तिथि 08 दिसम्बर 2019 पर आयोजित होगी-

- प्रातः 11.00 बजे से दोपहर 1.00 बजे तक जूनियर गणित ओलंपियाड
- दोपहर 2.30 बजे से शाम 4.30 बजे तक हिन्दी ओलंपियाड

14. परीक्षा उपरांत समस्त केन्द्राध्यक्ष 08/12/2019 तक हिन्दी एवं गणित ओलंपियाड की उपयोग की गयी OMR शीट तथा छात्र उपस्थिति पत्रक संबंधित जिले के जिला परियोजना समन्वयक (DPC) कार्यालय में जमा करेंगे।



Scanned by CamScanner

15. समस्त जिले के जिला परियोजना समन्वयक (DPC) उपयोग की गई OMR Sheet, छात्र उपस्थिति पत्रक दिनांक 09 दिसंबर से 12 दिसंबर 2019 के मध्य बिन्दु क्र. 12 में उल्लेखित संभाग वार निर्धारित नोडल संस्था पर जमा कराना सुनिश्चित करेंगे।

16. संभागवार निर्धारित की गई नोडल संस्थाओं में जमा की गई गणित की OMR शीट को SISE जबलपुर को एवं हिन्दी की OMR शीट CTE उज्जैन को सुरक्षित भिजवाना नोडल संस्थाओं द्वारा सुनिश्चित किया जाएगा।

17. OMR Sheets के लिफाफों में परीक्षा केन्द्राध्यक्षों द्वारा OMR Sheet को बिना मोड़े ऊपर-नीचे गत्ता लगाकर पैक किया जाए। ताकि अमूल्यांकित OMR Sheets सुरक्षित रहें।

18. समस्त प्रतिभागी प्रपत्र A में अपना मोबाइल नं. आवश्यक रूप से लिखे ताकि चयन होने पर आपको SMS द्वारा सूचना की जा सके।

19. समय-समय पर आवश्यक निर्देश वेबसाइट www.sisemo.org, www.hindiolympiad.org, www.mpolympiad.org पर जारी किए जा सकते है।

20. किसी भी केन्द्र पर 20 विद्यार्थियों से कम पंजीयन होने की स्थिति में उस केन्द्र को नजदीकी परीक्षा केन्द्र में समाहित किया जा सकता है। किसी परीक्षा केन्द्र पर विद्यार्थियों की संख्या अधिक होने पर स्थानीय स्तर पर जिला परियोजना समन्वयक द्वारा प्रस्ताव देने पर नवीन परीक्षा केन्द्र भी बनाया जा सकता है, जिसकी सूचना BRCC द्वारा विद्यार्थियों को परीक्षा के सात दिवस पूर्व अनिवार्यत: दी जाएगी।

21. उक्त परीक्षाओं हेतु समय-समय पर संचालक, राज्य विज्ञान शिक्षा संस्थान, जबलपुर व शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय उज्जैन द्वारा पत्र एवं निर्देश जारी किए जायेंगे, जिनका पालन अनिवार्यत: किया जाए।

22. किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या आने पर www.mpolympiad.org पर प्रदर्शित दूरभाषा नम्बरों पर कार्यालयीन समय में सम्पर्क किया जा सकता है।

कृपया उपर्युक्त निर्देशों का पालन सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

(आईरीन सिंथिया जे.पी.)
संचालक
राज्य शिक्षा केन्द्र, भोपाल

(जयश्री कियावत)
आयुक्त
लोक शिक्षण संचालनालय, भोपाल

पृ.क्र./राशिके/पापु/2019/5627 — भोपाल, दिनांक 09/09/2019

प्रतिलिपि :-

1. निज सचिव, माननीय मंत्री, मध्यप्रदेश शासन, स्कूल शिक्षा विभाग की ओर सूचनार्थ।
2. निज सचिव, प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासान, स्कूल शिक्षा विभाग की ओर सूचनार्थ।
3. आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग भोपाल की ओर सूचनार्थ।
4. मुख्य कार्यापालन अधिकारी, समस्त जिलों की ओर सूचनार्थ एवं पालनार्थ।
5. संयुक्त संचालक, लोक शिक्षण संचालनालय समस्त संभागीय कार्यालय की ओर सूचनार्थ एवं पालनार्थ।
6. संचालक, SISE जबलपुर एवं प्राचार्य CTE उज्जैन की ओर आवश्यक कार्यवाही पूर्ण करने विषयक।
7. प्राचार्य, IASE एवं CTE समस्त की ओर सूचनार्थ।
8. जिला शिक्षा अधिकारी, समस्त-जिला (संबंधित) की ओर सूचनार्थ एवं पालनार्थ।
9. जिला परियोजना समन्वयक, जिला-समस्त की ओर सूचनार्थ एवं पालनार्थ।
10. प्राचार्य, डाइट/डी.आर.सी., जिला-समस्त की ओर सूचनार्थ एवं पालनार्थ।
11. सहायक आयुक्त, आदिमजाति कल्याण विभाग, जिला-समस्त (संबंधित) की ओर सूचनार्थ एवं पालनार्थ।
12. प्राचार्य, समस्त उत्कृष्ट उ.मा.वि. एवं उ.मा.वि. समस्त विकासखण्ड की ओर सूचनार्थ एवं पालनार्थ
13. विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी/विकास खण्ड स्रोत समन्वयक समस्त विकासखण्ड की ओर सूचनार्थ।
14. आई.सी.टी. कक्ष, राज्य शिक्षा केन्द्र पर पोर्टल पर अपलोड हेतु।

संचालक
राज्य शिक्षा केन्द्र, भोपाल

आयुक्त
लोक शिक्षण संचालनालय, भोपाल



Scanned by CamScanner